## एक नजर में

### प्रीति तोमर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** श्री राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी एवं राष्ट्रीय महासचिव अतुल प्रताप सिंह के द्वारा प्रीति तोमर देवास को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रीति तोमर की नियुक्ति पर सभी परिजनों, मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

### राहुल राठौर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** सम्पूर्ण वरिष्ठ मंडल और मार्गदर्शक अनिल राठौर देवास, आनंदीलाल राठौर बागली, प्रदेश अध्यक्ष किशोर राठौर एवं जिला अध्यक्ष महेश राठौर कि अनुसंशा पर क्षत्रीय राठौर युवा सेना जिला देवास की कार्यकारिणी घोषित की जिसमें राहुल राठौर देव टेंट हाउस को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर आशीर्वाददाता विक्रमसिंह पवार, अध्यक्ष रमेश राठौर, पूर्व अध्यक्ष अनिल राठौर, शिवशक्ति व्यायामशाला गोलू सांगते, राष्ट्रीय देवशीतदल श्यामजी श्री सांवलिया सेवा समिति लखन डांगी, श्री ताराणीमाता मंदिर सेवा समिति के राजेन्द्र ठाकुर, रमेश कौशल, कमलेश राठौर, अमित राठौर, सोनू राठौर, बालकृष्ण राठौर, कथा वाचक लाडसिंग भगतजी, विजय पडियार, बंदू सरकार आदि ने बधाई दी।

### सरपंच पुत्र के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**देवास।** कन्नौद जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पलासी सतवास के सरपंच प्रतिनिधि लखन लाल उईकै के पुत्र कृष्णा उईकै के दुखद निधन पर संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर है। अल्प आयु में हुए दुखद निधन पर प्रदेश अध्यक्ष अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल पवन हिंदू, जनपद पंचायत कन्नौद अध्यक्ष रेवाराम सारण, पूर्व सरपंच राजेंद्र पंचोली, मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल राजेश मालवीय, सरपंच सिंगोड़ी, रघुनाथ नायक, पूर्व सरपंच मोहाई जागीर जगदीश यादव , रामेश्वर धाकड़, ओम प्रकाश पटेल, नीरज द्विवेदी, के के कुंडल कन्नौद, कैलाश बाल्दी, शेख सलीम कुरैशी, प्रमोद व्यास, लोहारदा पवन नागर, बरोठा गोपाल भलावी, सचिन भलावी भैरूपुरा, हरिश तिवारी, सुरेश पटेल, महेश जारवल, अमर सिंह मीणा, शिवप्रसाद मीणा, छोटेलाल मीणा, पंडित पवन शर्मा, रामकिशोर यादव, शिव बैरागी, रामचंद्र जाटव, राजेश जाट, राजेश जारवाल, अशोक कुमावत, शिव प्रसाद जोशी, रामदयाल बरेला, नरेंद्र वर्मा आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रतिबंधित श्वान नस्लों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा शहर के सभी पालतू श्वान मालिकों से अपील की जाती है कि वे अपने पालतू श्वानों का नियमित वैक्सीनेशन कराएं एवं नगर निगम की लाइसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराएं। लाइसेंसिंग उपविधियों एवं प्रावधानों के अनुसार बिना लाइसेंस पालतू श्वान रखना पूर्णत: नियम विरुद्ध है। जिसके लिए निगम द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासन द्वारा प्रतिबंधित घोषित श्वान नस्लों का रजिस्ट्रेशन निगम द्वारा नहीं किया जाएगा। ऐसे श्वानों का पालन नियमों के विपरीत है तथा संबंधित पालनकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। रजिस्ट्रेशन एवं वैक्सीनेशन से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं हेतु पालतू श्वान मालिक निगम की लाइसेंस शाखा में स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर से संपर्क कर सकते हैं। जो पालतू श्वान मालिक पूर्व में रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं, उनसे अपेक्षा है कि वे रजिस्ट्रेशन से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने पालतू श्वानों को स्वच्छंद रूप से अथवा बिना मुखबंदिनी के उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर न घुमाएँ। नगर निगम शहर के नागरिकों से नियमों के पालन में सहयोग की अपील करती है।

### स्व . राजानी की स्मृति में नि :शुल्क हेलमेट वितरण आज



**देवास।** स्व .कैलाश राजानी की पुण्यतिथि पर पूज्य सिंध हिन्दू पंचायत देवास व सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 21 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से चामुंडा काम्प्लेक्स देवास पर श्रद्धांजलि सभा एवं नि :शुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम सिंधी समाज अध्यक्ष अनिल पंजवानी एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील समाज अध्यक्ष अनिल पंजवानी एवं सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के मनोज राजानी द्वारा नागरिकों व समाजजनों से की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय तलरेजा ने दी।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण चुनावी तैयारी का महत्वपूर्ण चरण

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी जिला देवास द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण जिला बैठक आज उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की प्रगति, समन्वय तथा आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। वंदे मातरम की प्रेरणा तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संगठन सेवा, समर्पण और सतत संवाद से ही मजबूत होता है। प्रत्येक बूथ, प्रत्येक कार्यकर्ता हमारी शक्ति है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों को पूर्ण निष्ठा से समय पर संपन्न करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनौतियों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय एवं परिणामदायी बनाने की आवश्यकता है। वंदे मातरत गान के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिले भर में वर्षभर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, संगठन और राष्ट्रहित की पार्टी है। हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य निरंतर गति से करना है। मतदाता सूची पुनरीक्षण और संगठन सशक्तिकरण के कार्य आगामी समय में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा एक पार्षद पिछली बार मात्र 6 वोटों से हार गया। जबकि उसके परिवार के 8 वोट मतदाता सूची में नाम नहीं होने की वजह से नहीं डल पाए। इससे एक वोट की ताकत का अंदाजा लगाया जा सकता है। अत- सभी को मिलकर एसआईआर के कार्य में अपना शत-प्रतिशत देना है। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सागर सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार संगठन है। जब संगठन मजबूत होता है, तभी सरकार और जनकल्याण के कार्य प्रभावी होते हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आगामी चुनावी तैयारी का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। प्रत्येक कार्यकर्ता यदि अपने-अपने क्षेत्र में समर्पण भाव से कार्य करेगा, तो हम बूथ सुदृढ़ीकरण से लेकर विजय लक्ष्य तक सहजता से पहुँच सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला शक्ति, युवा शक्ति और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की नीतियाँ पहुँचाना ही हमारा वास्तविक दायित्व है। देवास जिले की कार्यशैली और अनुशासन पूरे प्रदेश के लिए प्रेरक है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती हम मना रहे हैं। इसके तहत हम पदयात्राएं तथा यूनिटी मार्च निकाल रहे हैं। आजाद भारत में भी हमारा भारत खंडित था। ऐसी 562 रियासतों को जोड़कर भारत को अखंड बनाने का काम श्री पटेल ने किया है। ऐसे महापुरुष को कांग्रेस सरकार ने भुला दिया था, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने सम्मान देने के लिए विश्व की सबसे बड़ी स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनवाई, जो ऐतिहासिक है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने संगनाठत्क कार्यों की समीक्षा की।

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार

**जुजित्सु का प्रदेश उपाध्यक्ष निकला आरोपी, मानसिक प्रताड़ना का आरोप**




**देवास।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुजित्सु में अपना नाम कमा चुकी खिलाड़ी और मार्शल आर्ट कोच रोहिणी कलम (35) की आत्महत्या मामले में पुलिस ने बदेवास / शहर की अर्जुन नगर राधागंज निवासी अंतरराष्ट्रीय जू-जीत्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम केस में बड़ा खुलासा हुआ है। जु-जीत्सू संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह सोलंकी और कोच विजेन्द्र खरसोदिया की भूमिका शुरू से संदिग्ध नजर आ रही थी। बीएनपी टीआई अमित सोलंकी ने एसपी पुनीत गेहलोद के आदेश पर बुधवार को प्रीतम सिंह सोलंकी हाटपिपल्या व कोच विजेन्द्र खरसोदिया देवास पर 306 आत्महत्या के लिए प्रेरित करना सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर प्रीतम सिंह सोलंकी एवं विजेन्द्र खरसोदिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि प्रीतम सिंह रोहिणी को हमेशा परेशान करता था और अंतिम समय फांसी लगाने के पहले उसने प्रीतमसिंह को फोन करके कहा था कि अब तू मुझे कभी परेशान नहीं कर पाएगा, जा रही हूं। फिर घबराए प्रीतम ने कोच विजेन्द्र खरसोदिया को फोन कर रोहिणी की बहन को बताया कि देखना रोहिणी कुछ कर न लें। जब बहन ने देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटक रही थी। मौत की जानकारी लगते ही विजेन्द्र खरसोदिया की तबियत खराब हो गई थी। वह शहर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हुआ था।

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया रोहिणी सोसाइट केस में जांच में प्रीतम सिंह सोलंकी हाटपिपल्या व कोच विजेन्द्र खरसोदिया देवास पर आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। प्रीतम सिंह सोलंकी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज



**देवास।** शातिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित कि जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष मध्यप्रदेश में 21नवम्बर को आयोजित होगी। परीक्षा के जिला समन्वयक देवीशंकर तिवारी ने गायत्री परिवार के मिडिया प्रभारी विक्रम चौधरी ने बताया की जिले के 185 शासकीय अशासकीय स्कूलो में 9250 विद्यार्थियों ने अभी तक पंजीयन कराया है। जिले की सभी तहसीलों में परीक्षा के 185 केन्द्रो पर 21 नवम्बर को परीक्षा होगी केन्द्र बनाए गए हैं तहसील प्रभारी के पास परीक्षा की गोपनीय सामग्री पहुंचा दी गई है जो कि सम्बंधित परीक्षा केन्द्र प्रभारी को उपलब्ध करायेंगे। परीक्षा समिति के सचिव कांतिलाल पटेल, सदस्य अरविंद शर्मा, बी एल खण्डेलवाल, सरीत पाटीदार, जितेन्द्र मोहरी, अरुण शैव्य, केशव पटेल, प्रमोद निहाले, रमेशचंद्र नागर, सुरेन्द्र दुबे, सुरेशबाल पाण्डे, लक्षित दुबे, जिला समन्वयक हरिराम जिराती, फूलसिंह नागर, गणेश व्यास, हजारीलाल चौहान आदि सदस्यों ने सभी प्रतिभागी छात्रा छात्राओ से आव्हान किया कि भारतीय संस्कृति सभ्यता से संबंधित ज्ञानार्जन हेतु परीक्षा में सम्मिलत हो।

## श्री मल्हार मार्तण्ड मंदिर प्रबंधन समिति का चम्पाषष्ठी उत्सव आज से



**देवास।** देवास के प्राचीन मल्हार मार्तण्ड मंदिर में रियासतकाल में चम्पाषष्ठी उत्सव बड़े धूमधम से मनाया जाता था, बाद में यह उत्सव बंद सा हो गया था। शहर के कुछ मल्हार मार्तण्ड भगवान जो कि भगवान शिव के अवतार है के भक्तों ने इस मंदिर का प्रबंध संभाला, मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, भगवान की रोज की पूजा अर्चना की व्यवस्था की और पुरानी परम्परा को जीवित रखते हुए पुन: चम्पाषष्ठी उत्सव को प्रारंभ किया। मल्हार मार्तण्ड भगवान की पूजा अलग प्रकार से की जाती है इसमें प्रसाद, भंडार याने हल्दी और खोपरा प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। भगवान के भक्त भी अपने साथ भंडार लेकर आते है और उसे जय मल्हार बोलकर हवा में उडाते है आसपास खडे भक्त भंडार को झेल लेते हैं। इसी प्रकार की पुरानी सभी परम्पराओं को समिति ने चालू करवाया। बालगढ़ स्थित श्री मल्हार मार्तण्ड मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चम्पाषष्ठी उत्सव 21 से 26 नवम्बर तक मनाया जाएगा। श्री मल्हार मार्तण्ड मंदिर समिति विगत 16 वर्षो से इस उत्सव का आयोजन कर रही है। 21 नवम्बर को कलश स्थापना के साथ उत्सव का प्रारंभ होगा। मंदिर में प्रतिदिन शाम को अलग अलग भजन मंडलियों द्वारा श्री मल्हार मार्तण्ड के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। भजनों के पश्चात आरती होगी इसमें सभी मराठी भाषी समाज के पदाधिकारी एवं भक्तजन उपस्थित रहेंगे। 26 नवम्बर चम्पाषष्ठी को दोपहर 12 बजे तळी भंडार( खोपरा और हल्दी का) आरती महाराज विक्रमसिंह पवार द्वारा की जाएगी। पूरे सप्ताह चलने वाले इस उत्सव का शहर के सभी महाराष्ट्रीयनजनों द्वारा लाभ लिया जाता है। मंदिर प्रबंध समिति का समस्त महाराष्ट्रीयन परिवारों से आग्रह है कि इस उत्सव में आकर भक्तीमय वातावरण का लाभ लें।

## 6 .5 करोड़ की लागत से बदलेगा एमजी रोड का स्वरूप





**एमजी रोड चौड़ीकरण हटाए अतिक्रमण**

**देवास।** शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्र एमजी रोड को चौड़ा और सुंदर बनाने की दिशा में शुक्रवार को बड़ा कदम उठाया गया। नगर निगम ने सुबह से ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, जो देर शाम तक लगातार चलती रही। पहले दिन कुल 63 चिह्नित अतिक्रमणों में से 55 हटाए गए, जबकि 8 अतिक्रमणों पर कोर्ट से स्टे होने के कारण उन्हें यथावत छोड़ा गया। कार्रवाई को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस की भारी तैनाती की गई थी। कुछ स्थानों पर व्यापारियों ने विरोध और नारेबाजी भी की, लेकिन सख्ती के चलते अवैध निर्माण हटाए गए। नगर निगम की कार्रवाई में 3 जेसीबी, एक पोकलेन, 2 डंपर, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कई दुकानदारों ने स्वयं भी आगे आकर अतिक्रमण हटाने में सहयोग दिया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के तहत एमजी रोड का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण करीब साढ़े छह करोड़ की लागत से होना है। 15 मीटर चौड़ी होने जा रही इस सड़क को लेकर काम शालिनी रोड स्थित जनता बैंक से शुरू हुआ और सुभाष चौक तक आगे बढ़ा। अंडरग्राउंड बिजली लाइन, दोनों ओर नाले और व्यवस्थित बाजार इन सबके साथ जल्द ही एमजी रोड का नया स्वरूप नजर आएगा।

**आज भी चलेगी कार्रवाई**

नगर निगम की टीम शनिवार को भी अभियान जारी रखेगी। शुक्रवार को कार्रवाई की शुरुआत जनता बैंक के पास से हुई और यह सयाजी द्वार तक जारी रहेगी। निगम का लक्ष्य है कि एमजी रोड को जल्द ही अतिक्रमण मुक्त कर सौंदर्यीकरण के अगले चरण में प्रवेश कराया जाए।

### उद्देश्य अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि शहर को सुंदर बनाना

महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि एमजी रोड महापौर गीता अग्रवाल का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है और नगर निगम का लक्ष्य बाजार को व्यवस्थित और आकर्षक बनाना है। उन्होंने बताया कि विधायक गायत्री राजे पवार की पहल पर इस प्रोजेक्ट के लिए राशि स्वीकृत हुई। इसके बाद लाइनिंग, तकनीकी परीक्षण और नोटिस प्रक्रिया पूरी की गई ।अग्रवाल ने कहा, हमारा उद्देश्य किसी का व्यवसाय प्रभावित करना नहीं, बल्कि शहर का विकास करना है। चौड़ी सड़क से व्यापार भी बढ़ेगा। कई दुकानदारों ने खुद आगे आकर सहयोग दिया है, यह देवास के लिए शुभ संकेत है।

## अगहन मास की अमावस्या पर धारा में सैकड़ों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



**बागली।** गुरुवार को अगहन मास की स्नान अमावस्या पर्व आने से श्रद्धालुओं ने शीत ऋतु में भी उत्साह के साथ पवित्र नदियों में स्नान किया इस दौरान जटाशंकर चंद्र केसर जयंती माता जैसे पवित्र नदियों किनारे बेस तीर्थ स्थलों पर भी अनेक श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे वही बागली विकास खंड एवं देवास जिले के अंतिम छोर पर स्थित धारा जी घाट पर मुह अंधेरे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे और कड़ कड़ाती ठंड में भी डुबकी लगाई श्रद्धालुओं के अनुसार अधिकतर श्रद्धालु एक दिन पूर्व ही धारा जी स्नान घाट पर आ गए नर्मदा तट पर पातालपुरी बाबा द्वारा भक्ति श्रद्धालुओं के सहयोग से भोजन भंडारे का आयोजन किया वहीं शिव मंदिर के सामने भी श्रद्धालुओं द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की दूसरी ओर जटाशंकर सेवा समिति के तत्वाधान में भी पोहे का बाल भोग आयोजन संपन्न हुआ इस दौरान पिपरी स्थित मनकामेश्वर नर्मदा मंदिर पर श्रद्धालु संजय परसादिया चित्तोड़ा (इंदौर) एवं जितेंद्र चौहान बागली द्वारा कन्या भोजन करवाया साथ ही नर्मदा परिक्रमा वासियों के भजन की व्यवस्था भी की गई कुछ श्रद्धालुओं ने पिपरी से धारा जी मार्ग में आने वाली कठिनाइयों के विषय में बताया सनातन सेवा समिति पिपरी से जुड़े गिरधर गुप्ता ने बताया कि धीरे-धीरे नर्मदा परिक्रमा वासियों की संख्या बढ़ रही है। इस बार स्नान पर्व पर धारा की में शाजापुर शुजालपुर आष्टा सीहोर बरोठा डकाचिया इंदौर बागली रतलाम उज्जैन हाट पिपलिया क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में परिवार सहित आए घाट बन जाने से श्रद्धालुओं को स्नान करने की एवं रुकने की सुविधा हो गई है।

## इन्दोर के विजयनगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता मामले में देवास का डॉक्टर भी गिरफ्तार

**देवास।** इन्दोर के विजयनगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस रिमांड पर हुई पूछताछ में एक बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पीड़िता को देवास स्थित एक मकान में ले जाकर उसके साथ मारपीट करता था। पूछताछ में सामने आया कि मारपीट के बाद आरोपी पीड़िता को देवास के डॉक्टर गुलाम हुसैन के पास उपचार के लिए ले जाता था। आरोप है कि डॉक्टर ने पीड़िता के साथ हुई मारपीट की गंभीर प्रकृति को देखते हुए भी पुलिस को सूचना नहीं दी और बिना किसी पुलिस हस्तक्षेप के उपचार करता रहा। विजयनगर पुलिस ने डॉक्टर गुलाम हुसैन की भूमिका को अपराधिक षड्यंत्र के अंतर्गत संदेहास्पद मानते हुए डॉक्टर गुलाम हुसैन को मामले में आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया है। वही डॉक्टर गुलाम हुसैन के अस्पताल की भी पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी है।

## कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा कवि सम्मेलन आज

**देवास।** कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आज 21 नवम्बर को शाम 7.30 बजे से मल्हार स्मृति मंदिर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कलाव्योम फाउंडेशन की सचिव अपर्णा भोसले ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव (आईएएस) पी. नरहरि होंगे।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि जानी बैरागी, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास तथा प्रसिद्ध श्रृंगार कवयित्री प्रीति पाण्डेय अपनी ओजस्वी और मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय वीर रस कवि राकेश दांगी करेंगे। कार्यक्रम सभी के लिए नि:शुल्क हैं।

## जूनियर राष्ट्रीय लंगडी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का किया सम्मान



**देवास।** मध्य प्रदेश लंगडी टीम की घोषणा मध्य प्रदेश लंगडी संगठन के अध्यक्ष पीएन तिवारी ने बताया कि बड़ौदा में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय लंगडी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम भाग लेगी प्रतियोगिता 21 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों का सम्मान सरस्वती ज्ञानपीठ स्कूल पर किया गया। इस अवसर पर प्रेम नारायण तिवारी, राजन तिवारी, रवि सिंह, प्रणव आदि उपस्थित थे। मध्य प्रदेश टीम को अनिल श्रीवास्तव, मयूरी वर्मा, कपिल पांनसे, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, पंकज वर्मा, योगेश द्विवेदी आदि ने बधाई दी। टीम आज रवाना होगी। मध्य प्रदेश लंगड़ी नेशनल जूनियर टीम में यश तिवारी, पवनदीप मीणा, .प्रतीक कुमावत, .ऋषभ जाट, रेहान अली, युवराज रावत, चचल कुमावत, विनायक जाधव, शुभम शर्मा, तरुण मोदी, अक्षत गुजराती, कृष्णा पांडे शामिल है। टीम कोच रविसिंह है।

**एक नजर** 21 नवम्बर को सोनकच्छ एवं 22 देवास में नवम्बर को एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन होगा

## हाटपीपल्या में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन , राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ ली



**देवास।** राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में हाटपीपल्या में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में छात्र, विद्यार्थी, खिलाड़ी, शिक्षक, स्वायसेवी संगठनो, समाजसेवियों ने भाग लिया। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च पीएम श्री कन्या विद्यालय मुख्य मार्ग से होते हुए पाटीदार छात्रावास पर सम्पन्न हुई। इस दौरान मार्ग में अमर शहीद भगत सिंह, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च के दौरान नशा मुक्ति, राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी ली गयी। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च में विधायक श्री मनोज चौधरी, रायसिंह सेंधव, मनीष जैन, महेश चौहान, जयेश पडियार, हेमंत देवड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास एस.एस सिंह, सुदेश सांगते, सारिका राठौड, माय भारत से तारा पारगी सहित अन्य अधिकारीगण, छात्र, विद्यार्थी, खिलाड़ी, शिक्षक, स्वायसेवी संगठन, समाजसेवी उपस्थित थे। सांसद महेन्द्र सोलंकी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन 21 नवम्बर को सोनकच्छ एवं 22 नवम्बर को देवास में किया जायेगा। पदयात्रा/एकता मार्च सोनकच्छ में 21 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होकर अमर शहिद राजा भाऊ महांकाल शासकीय महाविद्यालय से प्रारंभ होकर, बस स्टेण्ड, बजरंग चौराहा, जैन मंदिर, राजा भाऊ महांकाल प्रतिमा, महाराणा प्रताप चौक, प्रगति नगर होते हुए गंधर्वपुरी चौराहे पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा। पदयात्रा/एकता मार्च देवास में 22 नवम्बर को देवास से प्रात: 11 बजे श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम से प्रारंभ होकर, नाहर दरवाजा, नयापुरा मनकामनेश्वर, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड, अलंकार चौराहा, सुतार बाखल, गोया, ए.बी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा।